भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-74

उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

ब्रेल लिपि उपकरण योजना

†74. **श्री विषणु दयाल राम:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाविद्यालयों में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि उपकरण योजना अथवा सरकार की किसी अन्य पहल के अन्तर्गत ब्रेल लिपि युक्त लैपटॉप, स्क्रीन रीडर और अन्य सहायक शिक्षण उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) गत पांच वर्षों के दौरान देश भर में उक्त योजना से राज्य-वार और झारखंड में जिला-वार कितने लाभार्थियों को लाभ हुआ है;
(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्यौरा क्या है तथा वितरित उपकरण के नाम क्या हैं; और
(घ) पिछले पांच सालों के दौरान ब्रेल लिपि उपकरण योजना या उससे जुडे कार्यक्रम के तहत दी गई और इस्तेमाल की गई निधि का राज्य-वार और वर्षवार-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)
(क) से (घ): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की 'दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों और उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए सहायता' (एडीआईपी) योजना के अंतर्गत देश भर में दृष्टिबाधित व्यक्तियों सहित पात्र निशक्त व्यक्तियों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों को निधियां जारी की जाती हैं। एडीआईपी योजना के तहत दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षण सामग्री में ब्रेल किट, सुलभ स्मार्ट फोन, स्मार्ट केन, टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) किट शामिल हैं। पिछले 05 वर्षों के दौरान एडीआईपी योजना के तहत कवर किए गए दृष्टिबाधित लाभार्थियों की संख्या और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में है और झारखंड राज्य में पिछले 05 वर्षों के दौरान एडीआईपी योजना के तहत कवर किए गए दृष्टिबाधित व्यक्तियों का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-II में है।

****

अनुलग्नक-I

'ब्रेल लिपि उपकरण योजना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री विषणु दयाल राम द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न 74 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले 05 वर्षों के दौरान एडीआईपी योजना के तहत कवर किए गए दृष्टिबाधित व्यक्तियों और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार विवरण।

राज्य का नाम	कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या	उपयोग की गई धनराशि (रुपये लाख में)
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	5	0.29
आंध्र प्रदेश	1826	114.48
अरुणाचल प्रदेश	39	5.07
असम	3631	221.91
बिहार	1768	83.36
चंडीगढ़	300	29.76
छत्तीसगढ़	693	75.11
दिल्ली	2498	310.97
गोवा	179	17.25
गुजरात	7195	491.33
हरियाणा	939	100.79
हिमाचल प्रदेश	414	29.63
जम्मू और कश्मीर	1202	91.70
झारखंड	1764	71.57
कर्नाटक	2666	205.63
केरल	669	67.09
लद्दाख	18	1.05
लक्ष्यद्वीप	7	0.96
मध्य प्रदेश	5657	420.70
महाराष्ट्र	13301	976.31
मणिपुर	387	61.54
मेघालय	194	12.68
मिजोरम	43	2.35
नागालैंड	122	7.52
ओडिशा	3408	236.82
पुडुचेरी	148	12.95
पंजाब	1741	142.24
राजस्थान	2702	260.26
सिक्किम	52	3.39
तमिलनाडु	4402	301.88
तेलंगाना	891	49.62
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	88	8.88
त्रिपुरा	713	43.99
उत्तर प्रदेश	8916	465.23
उत्तराखंड	7664	100.48
पश्चिम बंगाल	2370	103.71
कुल योग :	**78612**	**5128.50**

अनुलग्नक-II

'ब्रेल लिपि उपकरण योजना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री विषणु दयाल राम द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न 74 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

झारखंड राज्य में पिछले 05 वर्षों के दौरान एडीआईपी योजना के तहत कवर किए गए दृष्टिबाधित व्यक्तियों का जिला-वार विवरण।

राज्य का नाम	जिले का नाम	कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या
झारखंड	बोकारो	101
	चतरा	41
	देवघर	65
	धनबाद	64
	दुमका	108
	ईस्ट सिंहभूम	47
	गढ़वा	62
	गिरिडीह	136
	गोड्डा	94
	गुमला	110
	हजारीबाग	16
	जामताड़ा	39
	खूंटी	66
	कोडरमा	67
	लातेहार	46
	लोहरदगा	43
	पाकुड़	69
	पलामू	155
	रामगढ़	23
	रांची	165
	साहेबगंज	73
	सरायकेला खरसावां	104
	सिमडेगा	18
	वेस्ट सिंहभूम	52
	कुल योग :	1764

*****